फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत – उपखण्ड अधिकारी मुकाम –जहाजपुर (भीलवाडा)

सरला देवी पत्नी राजेन्द्रकुमार पारीक नि. खजूरी

बनाम

पुरूषोतम पिता जगदीशलाल पारीक नि. खजूरी, वगैरह

किस्म मुकदमा प्रा0 पत्र 111, 128 एल. आर. ए. मुकदमा नं. 601/23

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स अज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हुक्म की तामील मे जारी हुये
14.06.23	प्रार्थना पत्र सिंगे से बाद जॉच रिपोर्ट पेश हुआ। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते की भूमि खजूरी प. ह. खजूरी तहसील जहाजपुर में स्थित आ.न. 1352 रकबा 1.4256 हैक्टेयर स्थित है। विपक्षीगण आये दिन सीमा सम्बन्धी विवाद को लेकर झगडा करते हैं। अतः पत्थरगढी के आदेश प्रदान किये जावे। प्रार्थना पत्र की ताईद में प्रार्थी का शपथ पत्र संलग्न है। मैने पत्रावली का अवलोकन कियां सुयोग्य अभिभाषक/प्रार्थी की एक पक्षीय बहस सुनी गई। पत्रावली के साथ संलगन नकल जमाबन्दी सम्वत 2073 से 2076 तक के अवलोकन से पत्थरगढी किये जाने वाली भूमि प्रार्थी के एकल/संयुक्त स्वामित्व की हैं, पडोसियान के विवाद करने वावत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया हैं जिसके जाहिर होता है कि पत्थरगढी की जाने वाली भूमि प्रार्थी के स्वामित्व की है। अतः प्रार्थना पत्र 111/128 रा.ले. रे. एक्ट स्वीकार किया जाता है खजूरी प. ह. खजूरी तहसील जहाजपुर में स्थित आ.न. 1352 रकबा 1.4256 हैक्टेयर की बसामलात पडोसियान के पत्थरगढी करने हेतु भू अभिलेख निरीक्षक पीपलुन्द को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस 500 रू. तय किये जाते है। जो प्रार्थी मौके पर अदा करेगा, उनमें से 100 रू. राजकोष में जमा करावे। पालना हेतु तहसीलदार जहाजपुर को लिखा जावे। पालना रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करे। आदेश आज दिनाक 14-06.2023 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। उपखण्ड-अधिकारी, जहाजपुर(भीलवाडा)	

राजस्थान--सरकार

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी जहाजपुर जिला भीलवाडा

क्रमांक / रीडर / 2023 / 601/ 2023 दिनांक :– 14.06.2023

निमित

तहसीलदार जहाजपुर

विषय :– प्र. स. 601 / 2023 अनवान सरला देवी पत्नी राजेन्द्रकुमार पारीक नि. खजूरी बनाम पुरूषोतम पिता जगदीशलाल पारीक नि. खजूरीं, महेन्द्र पिता राधाकिशन पारीक नि. खजूरी, दुर्गा प्रसाद पिता राधाकिशन पारीक नि. खजूरी, हरेश्वर पिता नन्दकिशोर पारीक नि. खजूरी, सुरेन्द्र पिता बन्शीलाल पारीक नि. खजूरी तहसील जहाजपुर, तहसीलदार जहाजपुर की पत्थरगढी की पालना करने बाबत।

उपरोक्त विषयांकित उनवान के प्रकरण में ग्राम खजूरी प. ह. खजूरी तहसील जहाजपुर में स्थित आ.न. 1352 रकबा 1.4256 हैक्टेयर, की बसामलात पडोसियान के पत्थरगढी करने हेतु भु अभिलेख निरीक्षक खजूरी को कमीश्नर नियुक्ति किया जाता है। कमीश्नर फीस 500 रू. तय किये जाते हैं जो प्रार्थी मौके पर अदा करेगा, उनमें से 100 रूपये राजकोष में जमा करावे। पालना रिपोर्ट 15 योम में पेश करे।

उपखण्ड अधिकारी
जहाजपुर (भीलवाडा)

Scanned with CamScanner